संख्या-824/एक-10-2023-33(04) टीसी-1

प्रेषक,

सुधीर गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग,
उ0प्र0 शासन ।

राजस्व अनुभाग-10

लखनऊः दिनांकः 07 जून,2023

**विषयः-** राज्य आपदा मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु वन विभाग के चैनलिंकिंग/सोलर तार फेंसिंग के कार्य हेतु राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से धनावंटन के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उ0प्र0, लखनऊ के पत्रांक-3179/7-4(आपदा), लखनऊ दिनांक 10.01.2023 एवं पत्र संख्या-3294/7-4(आपदा), दिनांक 17.01.2023 के संदर्भ में आप द्वारा राज्य आपदा मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु वन विभाग के चैनलिंकिंग/सोलर तार फेंसिंग आदि के कार्य हेतु राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से 4097.765 लाख का धनावंटन किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक- 17.05.2023 में लिए गए निर्णयानुसार **तालिका-अ** में उल्लिखित विवरणों के आधार पर राज्य आपदा मानव वन्य जीव संघर्ष की घटनाओं पर नियंत्रण हेतु वन विभाग के चैनलिंकिंग/सोलर तार फेंसिंग आदि के कार्य हेतु राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से **वित्तीय वर्ष-2023-24 रू0 4025.66 लाख (रूपये चालिस करोड़ पच्चीस लाख छाछठ हजार मात्र) की धनराशि** निम्नलिखित विवरण, शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अपर मुख्य सचिव, वन विभाग के निवर्तन पर रखने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

| | | **धनराशि लाख रू0 में** |
|---|---|---|
| **क्र0** | **चैनलिंक फेंसिंग कार्य/सोलर फेंसिंग का विवरण** | **समिति द्वारा संस्तुत धनराशि** |
| 1 | वफर जोन, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, लखीमपुर खीरी के अंतर्गत मझरा वन ब्लॉक में चैनलिंक फेंसिंग-10 किमी दर प्रति किमी रू0 31.50 लाख | **310.27 (न्यूनतम दर 31.027 प्रति किमी)** |
| | सोलर फेंसिंग-परसपुर वन ब्लाक, लोहरा वन ब्लाक, | **147.00** |

| | | |
|---|---|---|
| | महेन्द्रनगर वन ब्लाक तथा छैरासी में-21 किमी दर प्रति किमी रू0 7.0 लाख | |
| 2 | दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया खीरी के अंतर्गत दक्षिण सोनारीपुर, बेलराया, साठियाना में चैनलिंक फेंसिंग कार्य-15 किमी दर प्रति किमी रू0 31.83 लाख | 465.405 (न्यूनतम दर 31.027 प्रति किमी) |
| 3 | वन्य जीव प्रभाग, बहराइच में कतर्नियाघाट, मोतीपुर, सुजौली, ककरहा तथा निशानगाडा में-75.01 किमी दर प्रति किमी रू0 31.027 लाख | 2327.315 (न्यूनतम दर 31.027 प्रति किमी) |
| 4 | पीलीभीत टाइगर रिजर्व में-25 किमी दर प्रति किमी रू0 31.83 लाख | 775.675 (न्यूनतम दर 31.027 प्रति किमी) |
| | योग | 4025.66 |

<u>नियम व शर्तें / प्रतिबंधों</u>

1. शासन के वन विभाग द्वारा उक्त कार्यो हेतु धनराशि प्रधान मुख्य वन संरक्षक को अवमुक्त की जायेगी तथा समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण कराकर उपयोगिता प्रमाण पत्र राजस्व विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

2. जिस मद में धनराशि स्वीकृति की जा रही है उसी मद में इस धनराशि का उपयोग किया जायेगा।
3. अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष सम्पन्न कराए जाने वाला कार्य राहत आयुक्त संगठन से समन्वय स्थापित कर नियमानुसार कराया जायेगा।
4. स्वीकृति धनराशि का उपभोग वित्तीय नियमों के अनुसार तथा वित्तीय हस्त-पुस्तिका/बजट मैनुअल के अनुसार किया जायेगा।
5. राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि की उक्त धनराशि का उपयोग भारत सरकार के पत्र सं033-02/2020-NDM-I, दिनांक-14.01.2022 में दिये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।
6. समस्त धनराशि का उपभोग दिनांक-31.03.2024 से पूर्व कर लिया जायेगा। यदि धनराशि अवशेष बचती है तो नियमानुसार दिनांक-31.03.2024 के पूर्व समर्पित कर दी जायेगी।
7. उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र वित्तीय हस्त-पुस्तिका खण्ड-5, भाग-1 के प्रस्तर-369 एच के अधीन निर्धारित प्रारूप संख्या-42 आई में शासन को तुरन्त उपलब्ध कराया जायेगा।
8. व्यय की गयी धनराशि महालेखाकार कार्यालय में सही मदों में पुस्तांकन कराया जाये और प्रत्येक माह में महालेखाकार कार्यालय से आंकड़े समाधानित एवं सत्यापित कराकर शासन को सूचित किया जाये।
9. ई-टेण्डरिंग/जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय के सम्बन्ध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया जायेगा।
10. उक्त धनराशि से क्रय किये गये उपकरणों के रख-रखाव, मरम्मत एवं पी0ओ0एल0 संबंधी व्यय आदि विभागीय बजट से किया जायेगा।

11.अनुमोदित कार्य योजना के अन्तर्गत क्रय किये जाने वाले उपकरणों / सामग्रियों का क्रय एक साथ चालू वित्तीय वर्ष में अनिवार्य रूप से कर लिया जाये।

**3-** इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय **रूपये 4025.66 लाख (रूपये चालिस करोड़ पच्चीस लाख छाछठ हजार मात्र) की** को चालू वित्तीय वर्ष 2023-2024 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 051 लेखा शीर्षक 4250-101-05-24 वृहत निर्माण कार्य मद में स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फण्ड से व्यय के नामे डाला जायेगा।

**4-** यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2023/ बी-1-227/दस-2023-231/2023, दिनांक-17-मार्च 2023 में प्रशासकीय विभाग को उक्त प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(सुधीर गर्ग)
अपर मुख्य सचिव।

**संख्याः-824(1)/एक-10-2023-33(04) टीसी-1 तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार प्रथम/आडिट प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3- प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उ0प्र0, लखनऊ।
4- वन संरक्षक/फील्ड डायरेक्टर, दुधवा टाइगर रिजर्व, लखीमपुर खीरी, उ0प्र0।
5- वन संरक्षक/फील्ड डायरेक्टर, टाइगर रिजर्व, पीलीभीत, उ0प्र0।
6- उप निदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व, पलिया-खीरी, उ0प्र0।
7- प्रभागीय वनाधिकारी, कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच, उ0प्र0।
8- विशेष सचिव/नोडल अधिकारी बजट आवंटन (ई-बजट), राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
9- अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण, लखनऊ।
10- वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय राहत आयुक्त संगठन, उ0प्र0।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5।
12- राहत आयुक्त कार्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
13- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम केवल)
विशेष सचिव।

# Allotment Grid Report

**वित्तीय वर्ष:-2023-2024**
**आवंटन दिनांक-30/06/2023**

**प्रेषण संख्या:-** 824
**आवंटन आदेश संख्या:-** 001-824
**अनुदान संख्या:-** 51 राजस्व विभाग (दैवी विपत्तियों के सम्बन्ध में राहत)(वित्तीय वर्ष 2023-2024 का आवंटन)
**लेखाशीर्षक:-** 4250 - अन्य समाज सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय(आयोजनेत्तर-मतदेय)

101 - प्राकृतिक आपदाएं
05 - स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फण्ड से व्यय

**(धनराशि रु. में)**

| S.No. | अधिकारी/जनपद का नाम | | 24-वृहत् निर्माण कार्य | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पीलीभीत-4256-प्र0 वन अधिकरी - प्र0 निदेशक , --10-उ0 व0 सं0 पीलीभीत | वर्तमान<br>प्रगामी | 77567500<br>77567500 | 77567500<br>77567500 |
| 2 | लखीमपुर खीरी-4256-प्र0 वन अधिकरी - प्र0 निदेशक , --05-उ0 व0 सं0 उत्तर खीरी बफर ज़ोन | वर्तमान<br>प्रगामी | 45727000<br>45727000 | 45727000<br>45727000 |
| 3 | लखीमपुर खीरी-4257-उप वन संरक्षक - वन उपयोग अधि0 , --18-उ0 व0 सं0 राष्ट्रीय उद्यान पलिया | वर्तमान<br>प्रगामी | 46540500<br>46540500 | 46540500<br>46540500 |
| 4 | वहराइच-4256-प्र0 वन अधिकरी - प्र0 निदेशक , --13-प्र0 व0 कतरनियाघाट | वर्तमान<br>प्रगामी | 232731000<br>232731000 | 232731000<br>232731000 |
| | **योग** | वर्तमान<br>प्रगामी | 402566000<br>402566000 | 402566000<br>402566000 |

**महायोग-** (वर्तमान आवंटन):- रूपया चालीस करोड़ पच्चीस लाख छियासठ हजार
**महायोग-** (प्रगामी आवंटन):- रूपया चालीस करोड़ पच्चीस लाख छियासठ हजार

(अखिलेश प्रताप सिंह)
**वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी**

Digitally signed by akhilesh pratap singh
Reason: Allotment Completed
Location:Uttar Pradesh
Date:2023.06.30 12:49:40 +05:30